58

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.20000

बीस हजार रुपये

TWENTY THOUSAND RUPEES

Rs.20000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

B 050157

02 JUN 2015

13839

ATTESTED ATTESTED





| | | |
|---|---|---|
| विक्रय मूल्य | -रू0 12,00,000/- |
| मालियत | -रू0 4,65,800/- |
| स्टाम्प | -रू0 84,000/- |
| परगना | - मोहनलालगंज |

## विक्रय विलेख

**विक्रय विलेख का संक्षिप्त विवरण:-**

1. भूमि का प्रकार - कृषि
2. परगना - मोहनलालगंज
3. मोहल्ला/ग्राम - बक्कास

-------2

राममनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.20000

बीस हजार रुपये

TWENTY THOUSAND RUPEES

Rs.20000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

B 050156

02 JUN 2015

(2)

4. सम्पत्ति का विवरण- आराजी खसरा सं0-333, 334 व 335 का मिनजुमला

5. मापन की इकाई - हेक्टेयर

6. सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 0.09316 हेक्टेअर

7. सड़क की स्थिति-(परिशिष्ट के अनुसार)

- मुख्य मार्ग सुल्तानपुर रोड से 200 मीटर से अधिक दूरी पर।

8. अन्य विवरण (सम्पर्क/जनपदीय मार्ग इत्यादि)-नहीं

9. सम्पत्ति का प्रकार :- कृषि भूमि

11. पेड़ों का मूल्यांकन - X

12. बोरिंग/कुआं/अन्य - X

13. निर्माण का वर्ष - X

14. सहकारी आवास समिति के सदस्य से सम्बन्धित है- नहीं

15. प्रतिफल की धनराशि 12,00,000/- रुपये

-------3

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.20000

बीस हजार रुपये

TWENTY THOUSAND RUPEES

Rs.20000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

B 050155

02 JUN 2015

(3)

<u>भूमि खसरा संख्या-333, 334 व 335 की संयुक्त चौहद्दी</u>

पूरब : भूमि खसरा सं0-338, 337, 336

पश्चिम : भूमि खसरा सं0-546 (मस्तेमऊ)

उत्तर : भूमि खसरा सं0-332

दक्षिण : भूमि खसरा सं0-336 व 547 (मस्तेमऊ)

प्रथम पक्ष की संख्या (1) द्वितीय पक्ष की संख्या (1)

<u>विक्रेता का विवरण</u>

राम मनोहर पुत्र शत्रोहन, निवासी-ग्राम-चिलौला, मजरा-बवकास, परगना व तहसील-मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ, उ0प्र0।

<u>क्रेता का विवरण</u>

सत्येन्द्र कुमार पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद निवासी-म0नं0-963, सेक्टर-आई, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0।

-------4

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 583356



यह विक्रय विलेख राम मनोहर पुत्र शत्रोहन, निवासी–ग्राम–चिलौला, मजरा–बक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ, उ0प्र0, (जिसे इस विलेख में विक्रेता कहा गया है) के द्वारा सत्येन्द्र कुमार पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद निवासी–म0नं0–963, सेक्टर–आई, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0, (जिसे इस विलेख में क्रेता कहा गया है) के पक्ष में निष्पादित किया गया।

जो कि विक्रेता भूमि खाता संख्या–00137, भूमि खसरा संख्या–333 रकबा 0.2530 हेक्टेयर, खसरा संख्या–334 रकबा 0.2430 हे0 एवं खसरा संख्या–335 रकबा 0.0630 हे0, तीन किता कुल रकबा 0.5590 हे0

-------5

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 583358

26 MAY 2015



का 1/6 भाग यानी 0.09316 हेक्टेयर स्थित–ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ, का मालिक, कामिल व काबिज है। उक्त भूमि विक्रेता की पैतृक सम्पत्ति है और भू–राजस्व अभिलेखों में विक्रेता के नाम संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार के रूप में दर्ज है।

उक्त भूमि हर प्रकार के विवादों, भारों, अजकिस्म, रेहन, बंधक, इकरार, कुर्की, जमानत, हिबा, ऋण आदि से पूर्णतया बरी व पाक–साफ है, जिसको विक्रय करने का पूर्ण मालिकाना अधिकार विक्रेता को प्राप्त है। अब अपनी राजीखुशी से बिना किसी जोर दबाव नाजायज के बजरूरत होशो हवास में उपरोक्त वर्णित भूमि नम्बरी व पैमायशी को बकीमती मुबलिग

------6

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000

पाँच हजार रुपये

Rs.5000

FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 583360

26 MAY 2015



रूपया–12,00,000/– (बारह लाख रूपया मात्र) जिसके आधे रूपया–6,00,000/– (छः लाख रूपया मात्र) होते हैं, में बदस्त सत्येन्द्र कुमार पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद निवासी–म0नं0–963, सेक्टर–आई, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0, (क्रेता) के पक्ष में विक्रय कर दिया यानि बेच दिया और कुल विक्रय मूल्य क्रेता से वसूल पाकर कब्जा दखल मालिकाना विक्रेता ने अपने ही समान क्रेता उपरोक्त का बखूबी करा दिया। अब आज की तारीख के बाद से विक्रेता या उसके किसी वारिसान व कायम मुकामान का कोई हक या हिस्सा व दावा उक्त विक्रीत भूमि या उसके विक्रय मूल्य के संबंध में किसी प्रकार का बाकी नहीं रहा। अगर

—7

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 571881

2 6 MAY 2015



कोई व्यक्ति विक्रीत भूमि या उसके विक्रय मूल्य के संबंध में क्रेता उपरोक्त से अपना हक जतावे या दावा करे तो दावा उसका इस बैनामें के समक्ष बिल्कुल नाजायज व शून्य होगा और अगर किसी व्यक्ति की दावेदारी या उज्रदारी या हकदारी से विक्रीत भूमि का कुल या जुज भाग क्रेता उपरोक्त के कब्जे से किसी भी समय निकल जावे या कब्जा न मिले, मिल्कियत या हकीयत विक्रेता की करार न पाई जाए, या अन्य किसी प्रकार से उपरोक्त भूमि के कागजात विवादित अथवा भार ग्रसित निकले तो ऐसी तमाम सूरतों में क्रेता उपरोक्त को हक व अधिकार होगा कि वह अपने द्वारा दिया गया कुल रुपया मय हर्जा व खर्चा व नुकसान सहित विक्रेता व उसके वारिसान

----8

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AR 390092

19 MAY 2015



व कायम मुकामान की अन्य चल व अचल सम्पत्ति से न्यायालय द्वारा वसूल कर लेवे, विक्रेता को कोई मुकाम उज्र का न होगा। अब आज की तारीख से क्रेता उपरोक्त को अधिकार होगा कि वह उपरोक्त विक्रीत भूमि को समस्त सरकारी अभिलेखों में जहाँ उचित समझे अपने नाम दर्ज करा लेवे, विक्रेता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

विक्रीत भूमि मुख्य मार्ग सुल्तानपुर रोड से 1 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रीत भूमि में कोई कुआँ या ट्यूबवेल या इमारत आदि नहीं है तथा 200 मीटर त्रिज्या के अन्दर कोई निर्माण या आबादी/आवासीय गतिविधियाँ विद्यमान नहीं है। विक्रीत भूमि पर कोई पेड़ आदि नहीं लगा है और उक्त

-----9

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AN 330835

19 MAY 2015



भूमि कृषि भूमि है। विक्रेता व क्रेता दोनों ही अनुसूचित जाति के सदस्य हैं।

विक्रीत भूमि ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ के अर्द्धनगरीय क्षेत्र में स्थित है। विक्रीत भूमि का कुल क्षेत्रफल–0.09316 हेक्टेयर है, जिसकी मालियत श्रीमान् जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ द्वारा जारी मूल्यांकन सूची के अनुसार सरकारी मूल्य **रूपया 50,00,000/–** प्रति हेक्टेयर की दर से निर्धारित है। विक्रीत भूमि किसी राष्ट्रीय मार्ग, राजकीय मार्ग, जनपदीय मार्ग व सम्पर्क मार्ग पर स्थित नहीं है। अतः निर्धारित दर के अनुसार विक्रीत भूमि की कुल सरकारी मालियत मुबलिग **रूपया–**

----- 10

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AN 330834

19 MAY 2015



4,65,800/- होती है, जो कि विक्रय मूल्य से कम है। अतः विक्रय मूल्य पर शासकीय शासनादेश संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग-5 की अधिसूचना संख्या-स.वि.क.नि.5-2756/11-2008-500(165)/2007 दिनांक 30.06.2008 के अनुसार 7 प्रतिशत की दर से रुपया-84,000/- का स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। क्रेता व विक्रेता के मध्य पूर्व में कोई इकरारनामा बय पंजीकृत नहीं किया गया है। उक्त विक्रीत भूमि पर किसी प्रकार का कोई निर्माण नहीं है। विक्रेता व क्रेता का स्थायी व अस्थायी पता उपरोक्तानुसार है। विक्रीत भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण या उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् की किसी भी योजना में अधिग्रहीत नहीं की गई है और न ही प्रस्तावित है।

----- 11

राम मनोहर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AN 330635

19 MAR 2013



लिहाजा यह विक्रय विलेख समक्ष गवाहान उभय पक्षों ने खूब सोच समझ कर बिना किसी जोर दबाव नाजायज के बदुरूस्त होशोहवास व स्वस्थ चित्त मन से अपने–अपने हस्ताक्षर करके निष्पादित कर पंजीकृत करा दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरुरत पर काम आवे।

**विवरण भूमि बिक्रीशुदा**

भूमि खाता संख्या–00137, भूमि खसरा संख्या–333 रकबा 0.2530 हेक्टेयर, खसरा संख्या–334 रकबा 0.2430 हे0 एवं खसरा संख्या–335 रकबा 0.0630 हे0, तीन किता कुल रकबा 0.5590 हे0 का 1/6 भाग यानी 0.09316 हेक्टेयर स्थित–ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ।

----- 12

राम मनोहर

## प्रतिफल धनराशि प्राप्ति का विवरण

1. रुपया–12,00,000/– जरिये चेक संख्या–656326 दिनांक 12.06.2015 अदाता आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, लखनऊ।

इस प्रकार कुल विक्रय मूल्य रुपया–12,00,000/– (बारह लाख रुपया मात्र) विक्रेता ने क्रेता से उपरोक्तानुसार प्राप्त कर लिया है। अब कोई भी धनराशि विक्रीत आराजी से सम्बन्धित क्रेता से विक्रेता को पाना शेष नहीं रहा।

लखनऊ

दिनांक : 12.06.2015

ह0 विक्रेता

1. गवाह :

पता :

2. गवाह :

ह0 क्रेता

पता :

टाइपकर्ता

(सोनू बालाजी)
कलेक्ट्रेट, लखनऊ।

मसविदाकर्ता

(मुकेश मणि त्रिपाठी)
एडवोकेट
कलेक्ट्रेट, लखनऊ।

## 0–200 मीटर की त्रिज्या का मानचित्र

भूमि खाता संख्या–00137, भूमि खसरा संख्या–333 रकबा 0.2530 हेक्टेयर, खसरा संख्या–334 रकबा 0.2430 हे0 एवं खसरा संख्या–335 रकबा 0.0630 हे0, तीन किता कुल रकबा 0.5590 हे0 का 1/6 भाग यानी 0.09316 हेक्टेयर स्थित–ग्राम–दक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ




राम मनोहर

निo अंo/हस्ताक्षर विक्रेता

निo अंo/हस्ताक्षर क्रेता

आज दिनांक 12/06/2015 को

बही सं. 1 जिल्द सं. 5792

पृष्ठ सं. 51 से 76 पर कमांक 10890

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

एस श्रीवास्तव (प्रभारी)

उ.नि.मोहनलालगंज

लखनऊ

12/6/2015